# ठगों से 24 हजार वापस कराए

**श्रावस्ती**। साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित के रुपए साइबर क्राइम पुलिस टीम ने उसके बैंक खाते में वापस कराए हैं। नवीन माडर्न थाना क्षेत्र के विपश्यना ध्यान केन्द्र निवासी बाबूराम यादव पुत्र अभिलाख यादव ने 24 अप्रैल 2025 को शिकायत की थी कि टेलीकॉम डिपार्टमेंट तथा मुम्बई साइबर क्राइम विभाग का अधिकारी बताकर एक व्यक्ति ने उसे फोन किया। जिसने कहा कि तुम्हारे मोबाइल नम्बर व आधार कार्ड का प्रयोग कर मुम्बई, कर्नाटक, पंजाब में बैंक अकाउंट खुला है जिसमें हवाला के पैसों की लेन देन हुई है।